# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : गोप0/886
दिनांक : 6/8/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त स्ववित्त पोषित संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय : संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षा जून–2022 में प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा के लिये अनुपस्थित परीक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु निर्देश।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय की संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षा जून–2022 के लिये विषय विशेषज्ञों के पैनल महाविद्यालयों/संस्थानों को प्रेषित कर दिये गये है। विभिन्न संस्थानों/महाविद्यालयों से विश्वविद्यालय को इस आशय के पत्र प्राप्त हो रहे हैं कि परीक्षक कतिपय कारणों से प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय को प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराने हेतु नये परीक्षकों का पैनल प्रेषित करना पड़ रहा है जिससे प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न करने में विलम्ब हो रहा है जिसके परिणाम स्वरूप परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

उक्त के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन पाठ्यक्रमों/विषयों में प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा के लिये विश्वविद्यालय द्वारा पैनल प्रेषित किया गया है और उक्त पैनल में से यदि कोई परीक्षक प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा हेतु उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो ऐसी परिस्थिति में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उनके स्थान पर केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य उन परीक्षकों में से उपलब्ध परीक्षको को अपने स्तर से आमंत्रित करते हुए प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करा लें जिनसे विगत 03 वर्षों में प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराई गयी हो और प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रत्येक दशा में 07 दिवसों के अन्दर अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें तथा परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त 03 दिन के अन्दर अंकपर्ण विश्वविद्यालय में प्राप्त करा दें। ऐसे परीक्षकों की सूची बनाकर परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से उनका कार्योत्तर अनुमोदन भी प्राप्त कर लें।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त व्यवस्था छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्रता से परीक्षाफल घोषित करने के आशय से की गई है।

भवदीय

Narayan 6/8/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी (कम्प्यूटर केन्द्र) को सूचनार्थ।
5. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/705